# बिहार सरकार
## राज्य आयुक्त नि:शक्तता (दिव्यांगजन) का कार्यालय,
## पुराना सचिवालय, सिंचाई भवन परिसर, पटना।
फोन नं0-0612-2215041, email-scdisability2008@gmail.com
Website : scdisabilities.org


पत्रांक- **1035/आ. .नि.को.** दिनांक-....30...जुलाई'2020

प्रेषक,

डॉ0 शिवाजी कुमार,
राज्य आयुक्त नि:शक्तता,
बिहार, पटना।

सेवा में,

अध्यक्ष/सचिव,
सभी सिविल सोसायटी, सभी गांव, पंचायत, प्रखण्ड, सवडिविजन,
जिला, प्रमण्डल एवं राज्य स्तर पर गठित डी.पी.ओ./
दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत गैरसरकारी स्वयंसेवी संस्थानों

विषय :- **कोविड19 के दौरान बिहार सिविल सोसायटी, इण्डियन वॉलिन्टियर एसोसिएशन एवं बिहार एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिजेविलिटी द्वारा अभिभावकों, संगठनों, दिव्यांगजन एवं गरीब लाचार के लिए किये जा रहे सराहणीय कार्यों के जागरूकता के सम्बन्ध में दिनांक-01.08.2020 को 11:00 बजे से सिविल सोसायटी दिवस के अवसर पर वर्चुअल ई-जनजागरूकता ऑनलाईन कार्यक्रम में भाग लेने हेतु एवं सभी सिविल सोसायटी को अपने स्तर से कार्यक्रम कराने के संबंध में।**

संदर्भः **बिहार सिविल सोसायटी के पत्रांक सं० CSF/Pat/F-3/45 दिनांक 05.07.2020।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध एवं **बिहार सिविल सोसायटी के पत्रांक सं०** CSF/Pat/F-3/45 दिनांक 05.07.2020 के संदर्भ में कहना है कि कोविड 19 महामारी के दौरान सिविल सोसायटी संस्थाओं द्वार किये जा रहे सरहानीय कार्यों को बिहार एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिजेविलिटी, **इण्डियन वॉलिन्टियर एसोसिएशन** एवं बिहार सिविल सोसायटी फोरम के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक-01.08.2020 को 11:00 बजे सिविल सोसायटी दिवस के अवसर पर वर्चुअल ई-जनजागरूकता **ऑनलाइन** कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बिहार के सिविल सोसायटी/दिव्यांग के क्षेत्र में कार्यरत गैरसरकारी स्वयंसेवी संस्थानों की भूमिका अहम है। उक्त कार्यक्रम में अद्योहस्तक्षरी मुख्य अतिथि के रूप शामिल होंगे।

इस वर्चुअल ई-जनजागरूकता कार्यक्रम में सिविल सोसायटी के माध्यम से 21 प्रकार के दिव्यांगजनों के साथ विभिन्न सोशल मिडिया के जरिये ई-संवाद एवं वर्चुअल जागरूकता फैलाये जाने का कार्यक्रम एवं कोविड19 के दौरान पूरे बिहार में बिहार सिविल सोसायटी, इण्डियन वॉलिन्टियर एसोसिएशन एवं बिहार एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिजेविलिटी द्वारा अभिभावकों, संगठनों, दिव्यांगजन एवं गरीब लाचार 51 लाख दिव्यांगजनों (21 प्रकार) एवं उनके परिवारों के साथ ई-संवाद का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों, नकारात्मक सोच या किसी व्यक्ति द्वारा झेले जा रहे परेशानियों का निवारण करना है ताकि सभी वर्ग के लोग सामान्य लोगों की तरह अपना जीवनयापन कर सकें।

सहभागिता के रूप में बिहार सिविल सोसाईटी तथा इनके 500 से अधिक यूनिट एवं 21000 सिविल सोसायटी से जुड़े भॉलिन्टियर एवं बिहार एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिजेविलिटी से जुड़े अति गंभीर दिव्यांगजन, दिव्यांगजन, अभिभावकगण, कानूनी अभिभावक, सरकार के अधिकारीगण, पुनर्वास विशेषज्ञ, एवं सभी गांव, पंचायत, प्रखण्ड, सवडिविजन, जिला, प्रमण्डल एवं राज्य स्तर पर गठित डी.पी.ओ. (दिव्यांगजन) रहेंगे।

राज्य आयुक्त का कार्यालय आप लोगों से अनुरोध करती है कि आप सभी सिविल सोसायटी, भॉलिन्टियर, दिव्यांगजन विशेषज्ञ तथा समाज के सभी वर्ग आगे आयें तथा 01 अगस्त को अपने-अपने स्तर से सिविल सोसायटी डे वर्चुअल कार्यक्रम/ई-समारोह के रूप में मनायें। सभी सिविल सोसायटी, गंभीर दिव्यांगजन, दिव्यांगजन, अभिभावकगण, कानूनी अभिभावक, सरकार के अधिकारीगण, पुनर्वास विशेषज्ञ, एवं सभी गांव, पंचायत, प्रखण्ड, सवडिविजन, जिला, प्रमण्डल एवं राज्य स्तर पर गठित डी.पी.ओ. जो उत्कृष्ट सराहनीय कार्य कर रहे हैं उन्हें राज्य आयुक्त निःशक्तता के कार्यालय द्वारा ई-प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

अतएव सिविल सोसायटी, सभी गांव, पंचायत, प्रखण्ड, सवडिविजन, जिला, प्रमण्डल एवं राज्य स्तर पर गठित डी.पी.ओ./दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत गैरसरकारी स्वयंसेवी संस्थानों से अनुरोध है कि दिनांक-01.08.2020 को 11:00 बजे सिविल सोसायटी दिवस के अवसर पर वर्चुअल जन-जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने हेतु एवं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी/रूपरेखा हेतु 8789456905, 9472162409, 9939992857 एवं 7991189522 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन

30.07.20

राज्य आयुक्त निःशक्तता,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक- 1035/आ. .नि.को. दिनांक-...30.....जुलाई'2020

प्रतिलिपि:-सभी जिलों के सहायक निदेशक-सह-नोडल पदाधिकारी, जिला सामाजिक सुरक्षा-सह-दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, बिहार सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि अपने जिलों के सिविल सोसायटी/दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थानों को सूचित करें।

30.07.20

राज्य आयुक्त निःशक्तता,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक- 1035/आ. .नि.को. दिनांक-...30.....जुलाई'2020

प्रतिलिपि:-सम्पादकगण, इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि सिविल सोसायटी दिवस के अवसर पर ई-संवाद एवं वर्चुअल ई-जनजागरूकता का प्रचार-प्रसार अपने स्तर करने की कृपा की जाय।

30.07.20

राज्य आयुक्त निःशक्तता,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक- 1035/आ. .नि.को. दिनांक-...30.....जुलाई'2020

प्रतिलिपि:- बिहार एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिजेविलिटी, इण्डियन वॉलिन्टियर एसोसिएशन एवं बिहार सिविल सोसायटी फोरम, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्य हेतु प्रेषित ।

30.07.20

राज्य आयुक्त निःशक्तता,
बिहार, पटना।